जब तक गरीब की हर चिंता दूर नही होगी ,चैन से नहीं बैठूंगा : मोदी

रायपुर | आरएनएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी विजय संकल्प शंखनाद रैली में सोमवार को हुँकार भरते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं, लेकिन मोदी गरीब का बेटा है सिर ऊँचा करके चलता है। मोदी इनकी धमकियों से डरने वाला नहीं है। गरीबों को जिन्होंने लूटा उन्हें सजा मिलनी चाहिए। कोई घर में घुस आए और लूटपाट करने लगे तो परिवार का हर सदस्य भिड़ जाता है और मोदी के लिए तो मेरा भारत मेरा परिवार। प्रधानमंत्री मोदी ने बस्तर की धरती पर भानपुरी विधानसभा क्षेत्र स्थित स्व. बलीराम कश्यप के ग्राम आमाबाल में भाजपा की महती चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की रक्षा देश के करोड़ों लोग करेंगे। हमने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, बिचैलियों की कमाई बंद की, तब से इनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के भ्रष्टाचार किया। यहाँ के लोगों के साथ धोखा किया, उनकी जांच चल रही है। अपने देश को अपने परिवार को लूटपाट से बचाने में जुटा हूं। मोदी कहता है भ्रष्टाचार हटाओ और कांग्रेस कहती है भ्रष्टाचारी बचाओ।

प्रधानमंत्री मोदी ने बस्तर में जनसंघ व भाजपा के प्रमुख स्तम्भ रहे स्व. बलीराम कश्यप की यादों को साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी और इससे सबसे ज्यादा नुकसान गरीबों का होता है। भ्रष्टाचार गरीब का अधिकार छीन लेता है। 2014 से पहले लाखों-करोड़ों रुपए के घोटाले होते थे। कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से 1 रुपए निकलता था और सिर्फ 15 पैसा लोगों तक पहुंचता था। यह बात कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कही थी। तो बताओ, वह कौन-सा 'पंजा' था जो बाकी के 85 पैसे मारता था। मोदी ने कांग्रेस की लूट की ऐसी व्यवस्था बंद कर दी। मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 साल में 34 लाख करोड रुपए सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे हैं। दिल्ली से 1 रुपए भेजे और पूरे 100 पैसे गरीब के खातों में जमा हो गए। जब सीधा पैसा जा रहा है और एक भी पैसा कांग्रेस लूट नहीं पाई। अगर देश में कांग्रेस की सरकार होती तो यह कांग्रेस गरीबों के 34 लाख करोड़ रुपए में से 28 लाख करोड़ रुपए लूट लेती। आजादी के बाद कांग्रेस को देश लूटने का लाइसेंस मिल गया था। 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट की लाइसेंस से कैंसिल कर दिया है और यह लाइसेंस इसलिए खत्म हुआ क्योंकि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे लाइसेंस मिला था। जब उनकी दुकान बंद हुई और उनका लाइसेंस चला गया तब मोदी को गाली देने लगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश कहाँ-से-कहाँ पहुँचा है, देश ने कितनी प्रगति की है, और उसमें आप सब का जो साथ मिला है। छत्तीसगढ़ वासियों ने मोदी की गारंटी पर मुहर लगाई है और आज इस विश्वास से पूरा देश कह रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार। मोदी ने कहा कि अनेक दशकों बाद देश ने भाजपा की स्थिर और मजबूत सरकार देखी है। गरीब का कल्याण हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही। आजादी के बाद दशकों तक गरीब की जरूरत को कांग्रेस की सरकारों ने नजरअंदाज किया। कच्ची छत के नीचे रहने की तकलीफ क्या होती है यह मोदी जानता है, जब घर में राशन नहीं होता तब एक माँ पर क्या बीतती है यह मोदी जानता है, जब दवा खरीदनी हो और दवा खरीदने के लिए घर में पैसा नहीं होते तो इसकी तकलीफ मोदी जानता है। इसीलिए हमने ठाना है कि जब तक गरीब की हर चिंता दूर नहीं होगी, हम चैन से नहीं बैठेंगे। भाजपा की सरकार ने गरीब के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ बनाईं, गरीबों को उनका हक दिया। सरकार के इन प्रयासों का नतीजा है देश में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बस्तर विजन से ही हमने आयुष्मान आरोग्य मंदिर की शुरुआत की। आयुष्मान आरोग्य मंदिर देशभर में गरीब को सस्ते इलाज, सस्ती जाँच का लाभ प्रमुखता से दे रहा है। यहाँ छत्तीसगढ़ में भी हजारों आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। इन आरोग्य मंदिरों की वजह से गरीबों को इलाज की बहुत बड़ी सुविधा मिली है, उनकी चिंता कम हुई है। 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज वाली आयुष्मान भारत योजना भी गरीबों के बहुत काम आ रही है। इस योजना से देश के करोड़ों लोगों ने इलाज कराया। हमने 11 हजार से ज्यादा जन औषधि का केंद्र खोले हैं, जहाँ 80 प्रतिशत की छूट के साथ दवाई दी जाती है। इससे भी गरीबों के 30 हजार करोड़ रुपए दवाई खरीदने में खर्च होता था, उससे बचत हुई। इसलिए आज देश का गरीब कह रहा है, खर्च कम बचत बार-बार, फिर एक बार मोदी सरकार। मोदी ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा महासंकट आया- कोरोना। लोग कहते थे, भारत कैसे बचेगा? भारत के गरीबों का क्या होगा? कांग्रेस की अमीरों की सरकार के समय देश में बीमारी का टीका आने में दशकों लग जाते थे। लेकिन हमने कहा हम अपने देश के हर गरीब के साथ हैं, हम गरीबों को मुफ्त वैक्सीन भी देंगे, गरीबों को मुफ्त राशन भी देंगे। ऐसे समय में, जब दूसरे देशों में कोरोना का एक-एक टीका हजारों रुपए में लग रहा था, हमने आपको मुफ्त में टीका लगवाया। ऐसे समय में, जब दूसरे देशों में खाने के लिए हाहाकार मचा था, हमने गरीब भाई-बहनों के लिए मुफ्त में राशन की दुकान खुलवा दी। मुफ्त राशन देने की योजना हमने शुरू की और यह योजना 5 वर्षों तक आगे और चलेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने रामनवमी पर्व की चर्चा करते हुए कहा कि इस बार अयोध्या में हमारे रामलला टेंट में नहीं, बल्कि भव्य मंदिर में दर्शन देंगे। 500 साल बाद यह सपना पूरा हुआ है। इसकी सबसे अधिक खुशी राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ को होना स्वाभाविक है। लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन राम मंदिर बनने से नाराज है। कांग्रेस का 'शाही परिवार' नाराज है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण कांग्रेस के नेताओं ने ठुकरा दिया। कांग्रेस के जिन नेताओं ने इस कदम को गलत बताया, उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में पहुँचे, उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया गया। यह दिखाता है कि कांग्रेस तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद को पार कर सकती है। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र बनाया है उसमें भी मुस्लिम लीग की छाप है।

महत्वपूर्ण एवं खास

सुबह 7 से शाम 4 बजे तक होगी जंगल सफारी की सैर

रायपुर (आरएनएस)। भीषण गर्मी और वन्यप्राणियों को इससे होने वाली परेशानियों को देखते हुए जंगल सफारी के समय में बदलाव किया गया है। जंगल सफारी आने वाले पर्यटक अब सुबह 7 बजे से सफारी का आनंद ले सकेंगे। पहले जंगल सफारी खुलने का समय सुबह 9.30 बजे से था। वहीं अब सफारी ढाई घंटे पहले खुलेगा (7 बजे) और शाम 4 बजे तक लोग जंगल सफारी घूम पाएंगे। नया रायपुर स्थित नंदनवन जू और सफारी में मैमल्स और रेप्टाइल्स सहित कुल 37 वन्यजीव प्रज़ातियों का खूबसूरत आशियाना है। जंगल सफारी सफारी के डायरेक्टर धम्मशील गणवीर में बताया कि नंदनवन जंगल सफारी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जंगल सफारी प्रबंधन ने वन्य जीव संरक्षण और पर्यटन विकास में प्रयास किए जा रहे हैं। नवा रायपुर के जंगल सफारी घूमने के लिए नॉन एसी बस का किराया 100 रुपए है। 12 वर्ष के बच्चों का किराया 25 रुपए है। एसी बस में सफर करने का किराया 150 रुपए है। 12 साल तक के बच्चों का किराया भी 50 रुपए है। जू में 12 साल से कम उम्र के बच्चों की एंट्री फ्री है।

धमकी-चमकी कर लूटपाट करने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

महासमुंद-रायपुर (आरएनएस)। थाना तुमगांव क्षेत्र में ग्राम अछोला भ_ी में 03 अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा मोटर सायकल में आकर प्रार्थी को चाकू दिखाकर मोबाईल लूटकर ले गये थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना तुमगांव में अपराध/ धारा 394, 341, 34 भादवि, 25, 27 आम्र्स एक्ट के प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान उक्त तीनों मोटरसाईकल सवार आरोपी पुन: लूट करने की फिराक में अछोला से भोरिंग रोड में घूम रहे थे। जिसे पुलिस की टीम के द्वारा घेराबंदी कर पकडा गया। नाम पता पुछने पर अपना नाम (01) राहुल साहू पिता पुनीत साहू आयु 19 वर्ष निवासी ग्राम आछोला थाना तुमगांव जिला महासमुन्द (02) ललित देवांगन पिता धर्मेन्द्र देवांगन आयु 19 वर्ष निवासी चंगोराभाठा थाना डी डी नगर रायपुर एव (03) विधि से संघर्षरत् बालक बताये। टीम के द्वारा आरोपियों को पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ करने पर लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किये आरोपियों के पास से दोनों घटना में लूटा गया दो नग मोबाइल फोन बरामद किया गया। घटना में प्रयुक्त होंडा , बटन चाकू , लोहा का पंच आरोपियों से जप्त किया गया हैं। साथ ही आरोपियों के खिलाफ थाना तुमगांव में अपराध धारा 394, 341, 34 भादवि, 25, 27 आम्र्स एक्ट कार्यवाही की गई।

लोभ,लालच से दूर निर्भय होकर करें मतदान: कलेक्टर धर्मेश साहू

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू और सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम घोठला बड़े में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत वृद्धजन एवं दिव्यांग सम्मान एवं स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए। जिले में शत् प्रतिशत मतदान करने और मतदान को बढ़ावा देने के लिए किया गया, जिसमें गांव के ग्रामीण महिला पुरूष, वृद्धजन, युवा, दिव्यांग आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। आवासीय प्रांजल विद्यालय सारंगढ़ के मानसिक दिव्यांग बच्चों के द्वारा सुस्वागतम और सांस्कृतिक गीत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसी प्रकार गांव की बालिकाओं द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान एवं एसडीएम वासु जैन ने इस अवसर पर वृद्धजनों को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर कलेक्टर साहू ने कहा कि आप सभी वोट दें और आप अपने से जुड़े लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करें। भारत चुनाव आयोग ने 80 वर्ष से अधिक आयु, दिव्यांग एवं असक्षम मतदाता को विशेषकर व्यवस्था किए हैं कि जिससे वे अपने घर बैठे मतदान कर सकते हैं। आप सभी मतदाता अपने विवेक से लोकतंत्र के चुनाव में बिना किसी डर के, बिना किसी लोभ के, उसी व्यक्ति को अपना वोट दें जिस को आप पसंद करते हैं, जो आपके दुख सुख में काम आएं। देश का गर्व और लोकतंत्र के पर्व को आप सभी आनंद से मनाएं। स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने कहा कि मतदान के दिन मतदान केन्द्र में व्हील चेयर, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था रहेगा। अभी सामूहिक शपथ हम सभी ने लिया। एक-एक वोट से सरकार बनता है। मतदान की तिथि 7 मई को सभी अपना वोट दें। इस अवसर पर जिले के बिहान समूह की महिलाओं ने धार्मिक आयोजन में उपयोग किए जाने वाले कई दीपों से सजे कलश के इर्द-गिर्द सामूहिक शपथ लिए। कार्यक्रम का संचालन और व्यवस्था समाज कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी और सीईओ संजू पटेल के द्वारा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाता उपस्थित थे।

कलेक्टर धर्मेश साहू के आग्रह पर बालिका ने जन्मदिन पर ईव्हीएम केक काटी

इस अवसर पर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के आव्हान पर एक बालिका के जन्मदिन पर उनके और एक वृद्ध माता के हाथों ईव्हीएम मशीन की आकृति पर बना केक को काटा गया। कलेक्टर साहू ने सहज भाव से केक का पहला निवाला वहां पर उपस्थित एक बच्चे को देने के लिए कहा, बच्चे को केक दिया गया और वह बालक खुश हुआ।

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वोटिंग मशीनों का हुआ फर्स्ट रेंडमाइजेशन

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, एआरओ वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में उपयोग होने वाले ईवीएम और व्हीव्हीपैट मशीनों के प्रथम रेंडमाइजेशन कलेक्टोरेट सारंगढ़ के सभाकक्ष में किया गया, जिसका सूची और क्रम के अनुसार वेयर हाउस में भौतिक रूप से क्रमबद्ध किया जाएगा।

जिले के 14 बंधक मजदूरों को तमिलनाडु से लाया गया वापस

कांकेर | आरएनएस

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार श्रम पदाधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के 14 बंधक मजदूरों को तमिलनाडु से वापस लाकर और मजदूरी राशि का भुगतान कराया गया। कलेक्टर सिंह को कांकेर जिले के तहसील अंतागढ़ सरईपारा, फुलपाड़ निवासी संतुराम गावड़े द्वारा अपनी पुत्री को एस.एम.आर. फ्लाईएश ब्रिक्स, जुनजुपल्ली, बिलान्कुप्पम, जिला कृष्णागिरी तमिलनाडु में बंधक बनाने की शिकायत मिलने पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए श्रमिकों को लाने हेतु रेस्क्यू दल का गठन किया गया।

गौरतलब है कि बंधक मजदूरों को तमिलनाडु में पिछले 3 महीनों से बंधक बनाकर मजदूरों से बिना मजदूरी दिए काम कराया जा रहा था। उक्त संबंध में जिला प्रशासन के द्वारा संज्ञान में लिया गया और टीम गठित कर 05 अप्रैल को तमिलनाडु जिला कृष्णागिरी से सभी श्रमिकों को 07 अप्रैल को कांकेर सकुशल पहुंचाया गया एवं बंधक श्रमिकों को जिला कलेक्टर को सकुशल वापसी के संबंध में अवगत कराया गया। बंधक श्रमिकों में कुल 30 श्रमिक को अवमुक्त कराया गया, जिसमें कांकेर जिले से 14, नारायणपुर जिले 10 और कोण्डागांव जिले से 06 श्रमिकों को अवमुक्त कराकर उनके परिवारजनों को सकुशल सौंपा गया। उक्त कार्यवाही में श्रम निरीक्षक टी.पी. तिवारी एवं श्रम उप निरीक्षक विवेक साव का विशेष योगदान रहा।

यात्री बस से बरामद हुआ 16 लाख 90 हजार रूपए नगद

रायपुर | आरएनएस

जिले की मंदिर हसौद थाना पुलिस तथा एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की संयुक्त टीम ने सोमवार को यात्री बस से एक यात्री के पास से 16 लाख 90 हजार रूपये नगद बरामद किया है। रूपयों के बारे में कोई दस्तावेज नही होनें के बाद पुलिस की टीम ने रूपये जब्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु इनकम टैक्स विभाग रायपुर के सुपुर्द कर दिया।

बता दें कि अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिला रायपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में समस्त प्रकार के वाहनों सहित संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक सोमवार 8 अप्रेल को थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका के पास थाना मंदिर हसौद पुलिस एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक यात्री बस को चेक करने पर एक यात्री के पास बैग में नगदी रकम रखा होना पाया गया। टीम के सदस्यों द्वारा यात्री से नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा गोलमोल जवाब देते हुए नगदी रकम के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा यात्री के कब्जे से नगदी रकम 16 लाख 90 हजार रूपये को थाना मंदिर हसौद में जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु इनकम टैक्स विभाग रायपुर के सुपुर्द किया गया।

बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नहीं, अपितु कानूनन अपराध भी

कांकेर | आरएनएस

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिलावासियों से रामनवमी एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर सम्पन्न होने वाले बाल विवाह की रोकथाम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह सामाजिक कुप्रथा है, जिसे जड़ से खत्म करना बेहद जरूरी है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह के कारण बच्चे के पूर्ण और परिपक्व व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अधिकार, इच्छा स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा पाने और हिंसा, उत्पीडऩ व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में विवाह से बालिका का शारीरिक विकास रूक जाता है। गंभीर संक्रामक यौन बीमारियों की चपेट में आने का खतरा भी बढ़ जाता है और उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है। उन्होंने अपनी अपील में कहा है कि विवाह के कारण कम उम्र की मां और उसके बच्चें दोनों की जान और सेहत खतरे में पड़ जाती है बाल विवाह के कारण जननांग पूर्ण विकसित नहीं होने से गर्भपात का खतरा भी बढ़ जाता है। कम उम्र की मां के नवजात शिशुओं का वजन कम रह जाता है, साथ ही उनके सामने कुपोषण व खून की कमी की भी ज्यादा आशंका बनी रहती है। बाल विवाह की वजह से बहुत सारे बच्चे अनपढ़ और अकुशल रह जाते हैं जिससे उनके सामने अच्छे रोजगार पाने और बड़े होने पर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की ज्यादा संभावना नहीं बचती है।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह से बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि उक्त अधिनियम 21 वर्ष से कम आयु के लडक़े और की 18 वर्ष से कम आयु के लडक़ी के विवाह को प्रतिबंधित करता है। यदि कोई व्यक्ति बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसमें सहायता करता है, उनको 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा 01 लाख रूपए तक का जुर्माना हो सकता है, अथवा दोनां से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह होने की सूचना ग्राम पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति, अनुविभागीय दंडाधिकारी, संबंधित पुलिस थाना, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 महिला हेल्पलाईन 181 इत्यादि को दी जा सकती है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।
पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मॉ बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि मेला में 800 से अधिक पुलिसकर्मी होंगे ड्यूटी में तैनात

राजनांदगांव | आरएनएस

आज से 17 अप्रैल तक मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्वालुगण लाखों की संख्या में आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ, होम गार्ड, यातायात पुलिस शामिल हैं। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था को 04 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें लगभग 800 से अधिक पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है, जिसे क्षीरपानी परिसर में बी.पी. राजभानू, सेनानी 08 वीं वाहिनी छसबल राजनांदगांव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन मुकेश ठाकुर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफ कर ड्यूटी वितरण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाईपास से रामदरबार, सुकुलदैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर मॉ बम्लेश्वरी मंदिर से निचे मॉ बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार का परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर अति. पु.अधी. नक्सल ऑपरेशन राज. मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा, उप सेनानी 07 वीं0 वाहिनी छसबल भिलाई मीता पवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया, उप पुलिस अधी0 अजाक तनुप्रिया ठाकुर, पुलिस अनु0अधि0 डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, उप प.अधी. पीटीएस अंजली ऐरेवार, उप पू.अधी. नक्सल सेल राज. अजीत ओगरे, उप पु0अधी0 दुर्ग एलेक्जेण्डर किरो, उप पु.अधी. बेमेतरा कौशिल्या साहू, सहायक सेनानी 08 वीं वाहिनी राज0 हरीश टोण्डर, उप पु0अधी0 मुंगेली नवनीत पाटिल, सहायक सेनानी 03 वी. वाहिनी छसबल अमलेश्वर अनिता सागर, सहायक सेनानी 14 वीं वाहिनी बालोद अजीत सिंह यादव, उप पुलिस अधी0 रायगढ़ अनामिका जैन, उप पु0अधी0 कोरिया जे.पी. भारतेन्दु , प्रशिक्षु उप पु.अधी. राजनांदगांव नवीन एक्का एवं जिले एवं अन्य जिले से आये अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।